हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 8 मई 2025

तापमान
अधिकतम 34.4 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री

12 बराड़ा में डोर-टू डोर कूड़ा कलेक्शन का काम शुरू



12 कॉलेज छात्रों ने आपात स्थिति से निपटने के गुर सीखे



## खबर संक्षेप

### अमेरिका भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी काबू

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने नारा गांव निवासी सुनील पुत्र सतबीर सिंह को अमेरिका भेजने के नाम पर 20 लाख रूपए की ठगी करने के आरोपी पानीपत हुडा सेक्टर चालीस स्थित एल्डिको निवासी आदेश श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि ठगी के इस मामले में थाना मतलौडा में केस दर्ज है।

### युवक से मोबाइल छीनने के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने रिफाइनरी लोहा पुल के पास युवक से मोबाइल छीनने वाले दो आरोपियों गांव न्यू बोहली निवासी अभिषेक व संजय को रिफानरी रोड पर पेप्सी पुल के पास से गिरफ्तार किया। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि मोबाइल स्नेचिंग की उक्त वारदात बारे थाना सदर में विसराम पुत्र चंद्रीका निवासी हरगांव महाराजगंज यूपी की शिकायत पर केस दर्ज है।

### सरपंच की रिकाउंटिंग पर हाईकोर्ट की रोक

**इसराना।** इसराना उपमंडल के लाखू बुआना गांव के सरपंच पद के चुनाव में हुए मतदान की जिला न्यायालय के आदेश पर बुधवार को गणना की जानी थी। वहीं एक पक्ष ने जिला न्यायालय के आदेशों की रिवीजन पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में दायर कर दी। इस रिवीजन पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पुनर्मतगणना पर रोक लगा दी है। अब मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त को होगी। तब तक पुनर्मतगणना पर रोक रहेगी।

### डेरे से नकदी व गहने चोरी, मामला दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव नोहरा के किसान नकली राम के खेतों में शब्बीर मूल निवासी गांव मवि जिला शामली, उत्तर प्रदेश मजदूरी करता है और खेत में बने डेरे पर रहता है। इधर, शब्बीर परिवार के साथ खेत में काम करने के लिए गया था। रात को जब डेरे पर लौटा तो दरवाजे का ताला टूटा मिला और उसके दस हजार रूपये, चांदी के जेवर चोरी गायब मिले। थर्मल पुलिस चौकी ने अज्ञात पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आतंकी ठिकाने ध्वस्त करने के बाद पूरे जिले में हुई मॉकड्रिल

# सायरन बजते ही ब्लैक आउट, दस मिनट तक सुरक्षित ठिकानों में दुबके रहे लोग







अंबाला। मॉक ड्रिल के दौरान आपात स्थिति से निपटने की कसरत करते स्वास्थ्य व पुलिस के जवान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

पाक में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए सेना की ओर से अंजाम दिए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रशासन की ओर से बुधवार शाम को मॉक ड्रिल की गई। करीब दस मिनट तक जिले में ब्लैकआउट की स्थिति रही। नागरिकों को अपने घरों की लाइटें बंद कर सुरक्षित ठिकानें तलाशने के आदेश दिए गए थे।

- ड्रोन उड़ाने पर पूरी तरह से पाबंदी, युद्ध की स्थिति से निपटने का हुआ अभ्यास

डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान 10 मिनट तक पूरे जिले की बिजली बंद रही। इस दौरान पूरी तरह ब्लैकआउट की स्थिति रही। ड्रोन उड़ाने पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। एसडीएम की अनुमति के बाद ही ड्रोन उड़ाए जा सकेंगे। मॉक ड्रिल के दौरान ऑप्रेशन अभ्यास किया गया। सायरन बजाकर मॉक ड्रिल की शुरूआत हुई थी। इस दौरान एमरजेंसी में सेवाएं देने वाले विभाग पूरी तरह से सतर्क दिखे।

ये मॉक ड्रिल एयर रेड, ब्लैकआउट, आगजनी, सिविल डिफेंस, सर्च व रेस्क्यू, ऑप्रेशन से संबंधित रही। होगी। डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि इसको लेकर मीटिंग की गई। इस मीटिंग में इसको लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मॉक ड्रिल के दौरान सायरन बजते ही पूरे जिले में बिजली बंद कर दी गई। सभी नागरिक को भी अपने घरों की सभी लाइटें बंद करने के साथ साथ सभी कमरों के दरवाजे और पर्दे बंद करने के निर्देश दिए गए थे। हर परिवार को घर के ऐसे कमरे में चले जाने के आदेश दिए गए थे जिसमें कोई खिड़की न हो। इस दौरान बिना फोन के संचार सेवाएं जारी रखने, आपातकालीन सेवा जैसे अस्पताल के लिए पॉवर सप्लाई बैकअप, ग्रामीण स्तर तक हूटर या (सायरन) के जरिए आपातकाल जैसी स्थिति की जानकारी का अलर्ट पहुंचाने की तैयारियां भी जांची गई। इस दौरान जिला मुख्यालय, उपमंडल व पुलिस स्तर तक कंट्रोल रूम की वर्किंग जांची गई।

**आधिकारिक सूचनाओं पर ही करें भरोसा**

डीसी अजय सिंह तोमर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आपातकालीन स्थिति में जरूरी है कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दे और आधिकारिक पुष्टि के बाद ही किसी सूचना पर भरोसा जताए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में बहुत तेजी से सूचनाएं आप तक पहुंच सकती है, लेकिन लोग यह सुनिश्चित करे कि सूचना का स्तोत्र आधिकारिक व विश्वसनीय हो। इस से सही समय पर जरूरतमंद तक तथ्यपरक जानकारी पहुंचाने में मदद मिलती है और संबंधित की सहायता की जा सकती है।

### पुलिस और गृह रक्षी विभाग ने की मॉकड्रिल

शाम 4 बजे सायरन बजते ही गृह रक्षी विभाग की टीम व पुलिस विभाग की टीम के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागों द्वारा मॉकड्रिल की गई। डीएसपी रजत गुलिया ने इसकी अगुवाई की। इस मौके पर गृह रक्षी विभाग के एसआई कपिल शर्मा ने मॉकड्रिल के तहत यदि किसी भवन में आग लग जाती है और उस स्थिति में वहां पर रह रहे व्यक्तियों का रेस्क्यू कैसे किया जाए, जो हमारे पास उस सामान उपलब्ध होता है उसकी सहायता से घायल व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा देते हुए कैसे सुरक्षित स्थान पर कैंप या अस्पताल पहुंचाया जा सकें, उस पूरी गतिविधि को यहां पर मॉकड्रिल के माध्यम से दर्शाया गया। उन्होंने इस दौरान घायल व्यक्ति को सीपीआर, प्राथमिक चिकित्सा व एक चादर के माध्यम से स्ट्रेचर का रूप देकर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने के कार्य को दर्शाया। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी भवन में आग लग जाती है या भवन क्षतिग्रस्त हो जाता है तो उस समय हमें सबसे पहले मैनस्विच को बंद कर देना चाहिए। यदि तारें आपस में एक साथ जुड़ी हुई है तो उसे लकड़ी के डंडे के माध्यम से हटाना चाहिए, ताकि कोई करंट की चपेट में न आ सकें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा किसी भी मरीज को कैसे तुरन्त उपचार उपलब्ध करवाना है, इस पगतिविधि को भी दर्शाया गया।

**वालंटियर्स भी शामिल**

**नारायणगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में महानिदेशालय-अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक नागरिक सुरक्षा सिविल डिफेंस के मद्देनजर सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल कॉलेज प्रांगण में करवाई गई। इसमें एनसीसी व एनएसएस वालंटियर्स ने भाग लिया। एनसीसी अधिकारी डॉ. सतीश कुमार के निर्देशन में हूटर बजाया गया। वालंटियर्स ने हूटर/सायरन के बजने पर बताए गए निर्देशों के अनुसार मॉक ड्रिल की और आपात स्थिति से निपटने बारे विस्तार से एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. नरेश कुमार ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ. सतीश कुमार ने वालंटियर्स तथा कॉलेज स्टाफ को बताया कि युद्ध जैसी आपात स्थिति में क्या करें और क्या न करें। आपातकालीन स्थिति में दुश्मन के हवाई अटैक से बचने के लिए सावधानी रखना बेहद जरूरी है। ब्लैक आउट के दौरान जैसे लाइट बंद रखना, आपातकालीन नंबर अपने पास रखना, बच्चों, बुजुर्गों और पालतू जानवरों की निगरानी रखना। खिड़कियों के पास फोन या एलईडी डिवाइस का इस्तेमाल न करें। खिड़कियों पर मोटे पर्दे का इस्तेमाल करने या खिड़कियों को कार्डबोर्ड या पैनल से ढकने की जानकारी भी दी गई।

# हेरोइन लेकर आ रहे दो युवक गिरफ्तार

- आरोपियों से बरामद हुई 18.68 ग्राम हेरोइन, रिमांड पर लिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

उत्तर प्रदेश से बाइक पर हेरोइन लेकर आ रहे दो युवकों को कलानौर चौंकी पुलिस ने यमुना नदी बार्डर से गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान आरोपियों से 18.68 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार कलानौर चौकी इंचार्ज परमवीर सिंह ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि दो युवक बाइक पर सवार होकर उत्तर प्रदेश से नशीले पदार्थ लेकर हरियाणा की तरफ आएंगे। इस सूचना के आधार पर एएसआई अनूप कुमार, धर्मराज व मुख्य सिपाही रविंदर की टीम का गठन किया। टीम ने कलानौर हाईवे रोड पर नाकाबंदी शुरू कर दी। पुलिस टीम को थोड़ी देर बाद दो युवक बाइक पर आते दिखाई दिए। जिनको रोक कर उनसे पूछताछ की। पूछताछ पर आरोपियों की पहचान तीर्थ नगर बाड़ी माजरा निवासी मोनू उर्फ राजपाल पुत्र रामभज तथा रोहित कुमार पुत्र बलराम के नाम से हुई। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट डीएसपी राजीव मिगलानी को बुलाया गया। उनके सामने पकड़े गए युवकों की तलाशी ली तो मोनू उर्फ राजपाल से 18.68 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी रोहित कुमार की बाइक पर उत्तर प्रदेश से स्मैक लेकर हरियाणा में आकर बेचते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर लिया गया है।



यमुनानगर। पुलिस द्वारा हेरोइन के साथ पकड़े गए आरोपी युवक।

# भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में हमला, चार घायल

- हमले में घायल हुए लोगों को अस्पताल में कराया दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ घरौंडा

गांव कोहण्ड में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच बुधवार सुबह जोरदार झड़प हो गई। इस दौरान लाठी-डंडे चलने से एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल होने का मामला प्रकाश मे आया है।

घायलों को तुरंत घरौंडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया, जहां से तीन की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें पानीपत रेफर कर दिया गया। गांव कोहण्ड के मुनक रोड स्थित एक खाली पड़ी जमीन को लेकर गांव के ही रतनलाल और मदनलाल पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। रतनलाल ने इस जमीन को लेकर कोर्ट में केस किया हुआ था, जिसमें हाल ही में कोर्ट ने रतनलाल के पक्ष में फैसला सुनाया। इसके बाद दो दिन पहले सोमवार को पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में रतनलाल को उक्त जमीन का कब्जा दिलवाया गया। घायल रतनलाल ने बताया कि बुधवार सुबह जब वह अपने परिवार के साथ उक्त जमीन पर पिलर गाड़ने का काम कर रहा था, तभी मदनलाल अपने एक दर्जन साथियों के साथ लाठी-डंडों से लैस होकर वहां आ धमका और उन पर हमला बोल दिया।

झगड़े में रतन लाल, सतीश, सन्नी व कमला घायल हो गए। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। ज़ब इस मामले को लेकर दूसरे पक्ष के मदन सें बात करनी चाही सम्पर्क नहीं हो सका।









**तनाव का माहौल**

पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गांव कोहण्ड में फिलहाल तनाव का माहौल है, लेकिन स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

# नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म कर किया गर्भवती

- पीड़िता के पेट में दर्द होने पर हुआ खुलासा, युवक पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

जगाधरी की एक कॉलोनी में युवक द्वारा नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया गया। जिससे नाबालिग गर्भवती हो गई। पीड़िता के जब पेट में दर्द हुआ तो अस्पताल में जांच के दौरान गर्भवती होने का पता चला।

पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जगाधरी की एक कॉलोनी निवासी महिला ने शिकायत में बताया कि उसकी 17 वर्षीय लड़की के पेट में अचानक से दर्द हुआ। जब वह अपनी लड़की को अस्पताल में दवाई दिलवाने के लिए गई तो डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए कहा। अल्ट्रासाउंड करवाया तो पता चला कि उसकी लड़की गर्भवती है। इस बारे लड़की ने बताया कि प्रलाहद उर्फ राज वर्मा से उसकी दोस्ती थी। आरोपी ने करीब सात माह पहले उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी उसे मनोहर कॉलोनी में लेकर गया। जहां आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया, जिससे वह गर्भवती हुई है।

**ससुर ने पुत्रवधू के साथ किया दुष्कर्म**

- दोस्त पर साथ देने का आरोप

साढौरा थाना क्षेत्र निवासी 32 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी अंबाला शहर में हुई थी। शादी के बाद से उसका ससुर सितार मोहम्मद उस पर गलत नजर रखता था। जब उसका पति घर से बाहर होता तो आरोपी उसके साथ अश्लील हरकतें करता। 26 फरवरी को वह घर पर अकेली थी। इस दौरान आरोपी सितार मोहम्मद अपने साथ अपने दोस्त जसपाल को लेकर आया। आरोपी सितार मोहम्मद उसके कमरे में आ गया। जबकि जसपाल बाहर खड़ा पहरा देने लगा। इस दौरान उसके ससुर ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर घर से निकालने की धमकी दी। उसने घटना के बारे अपने पति को बताया मगर उसने भी अपने पिता का साथ दिया और उसे घर से निकाल दिया। उसने मायके आकर इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत कसे दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### करनाल में महाराणा प्रताप जयंती समारोह 9 मई को

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और वीरता के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष्य में हरियाणा सरकार द्वारा राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन 9 मई को करनाल जिले के ग्राम सालवन में किया जाएगा।

यह आयोजन प्रदेश के युवाओं को प्रेरित करने और महाराणा प्रताप के त्याग, बलिदान एवं अद्वितीय शौर्य को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे और वे महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक घटनाओं का उल्लेख करेंगे।

# शराब ठेके पर लूट के तीन आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिहोवा

- बदमाशों के कब्जे से लूटी गई शराब बरामद की

पुलिस ने शराब ठेका के सेल्समैन के साथ मारपीट करके शराब लूटने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 टीम ने शराब ठेका के सेल्समैन के साथ मारपीट करके शराब लूटने के आरोप में कुलवंत शर्मा उर्फ बंटी, विकल्प उर्फ मोनू व यशल शर्मा उर्फ यश वासी पंजाब को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है।

पुलिस शिकायत में जसपाल सिंह वासी पेहवा कुरुक्षेत्र ने बताया कि वह गांव मोहनपुर में सरकारी शराब के ठेके पर सैल्समैन का काम करता है। 29 अप्रैल की रात समय करीब 10.30 बजे वह ठेका बन्द करके सो गया था।

करीब 12 बजे किसी ने उसको आवाज लगाई जब उसने उठकर देखा तो 3 लडके ठेके पर शराब लेने के लिए खड़े थे। उसने उनको शराब देने से मना कर दिया। इस बात पर वह उसके साथ गाली गलौच करने लगे जब उसने उनका विरोध किया तो वह लडके उसको धक्का देकर ठेके के अंदर आ गये और उन्हें डंडों से मारना शुरू कर दिया और उसके गल्ले से करीब 8 हजार रुपये तथा ठेके से काफी मात्रा में शराब उठाकर ले गये। जिसकी शिकायत पुलिस को दी। 5 मई को पुलिस ने सेल्समैन के साथ मारपीट करके शराब लूटने के आरोप में कुलवंत शर्मा उर्फ बंटी, विकल्प उर्फ मोनू व यशल शर्मा उर्फ यश वासी पंजाब को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश करके 2 दिन का पुलिस रिमांड लिया गया। पुलिस रिमाण्ड के दौरान आरोपियों से लूटी गई शराब और 3 हजार रुपये बरामद किए गए।

आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई के बाद आरपीएफ के जवान मुस्तैद

# हमले के बाद रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा बढ़ाई

- संदिग्ध वस्तुओं की चेकिंग और यात्रियों से की जा रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

पाक स्थित आतंकी ठिकानों पर हमले के बाद अंबाला शहर व अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इन स्टेशनों पर आरपीएफ के जवान मुस्तैद दिख रहे हैं। निरंतर प्लेटफॉर्म पर चेकिंग कर रही है। संदिग्ध वस्तुओं की भी जांच की जा रही है।

भारतीय वायुसेना की ओर से पाकिस्तान के 9 ठिकानों पर हमला किए जाने के बाद दोनों स्टेशनों पर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त करने का निर्णय लिया गया था। खासकर अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर पंजाब और जम्मू से आने वाली ट्रेनों में भी चेकिंग की जा रही है। आरपीएफ कर्मी सभी प्लेटफॉर्म पर चेकिंग अभियान चला रही है। संदिग्ध वस्तुओं और सामानों की चेकिंग की जा रही है।

यात्रियों से भी उनके आने-जाने के बारे में भी पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही यात्रियों की आईडी भी चेक की जा रही है। हमले के बाद आरपीएफ जम्मू से आने वाली ट्रेनों में चेकिंग कर रही है। जिसमें यात्रियों के बैग खोलकर चेक किया जा रहे हैं।

इसके साथ ही ट्रेन में आ रही यात्रियों से पूछताछ भी की जा रही है। आरपीएफ इंस्पेक्टर रविंद्र सिंह ने बताया कि पाकिस्तान पर हुए हमले के बाद रेलवे स्टेशन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



अंबाला। कैंट स्टेशन पर चेकिंग करते आरपीएफ के जवान।

**अंबाला कैंट महत्वपूर्ण**

अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन सुरक्षा की दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। आर्मी एरिया होने के चलते और भी मुस्तैदी बरती जा रही है। अंबाला कैंट स्टेशन के एंट्री गेट पर मेटल डिटेक्टर से आने वाले हर यात्री की जांच की जा रही है। इसके साथ ही उनके सामान को भी मेटल डिटेक्टर से जांचा जा रहा है। प्लेटफार्म पर बैठे यात्रियों के बीच सामान चेक किए जा रहे हैं।

### डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**कुरुक्षेत्र।** मोहन नगर में एक डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 47 वर्षीय रामबीर निवासी गांव बेला रसुलपुर थाना बेला रसुलपुर जिला बधायु उतर प्रदेश हाल निवासी किरायेदार बैंक कालोनी के तौर पर हुई है। राधिका ने बताया कि उसके पिता रामबीर और वह अपने पति विरेंद्र के साथ पिपली किसी कार्य के लिए गए थे। रात्रि करीब 10 बजे वे पिपली से वापस आ रहे थे।

उसके पिता रामबीर अलग मोटरसाइकिल पर थे और वह अपने पति के साथ अलग मोटरसाइकिल पर थी। रेलवे पुल से पहले उसके पिता की मोटरसाइकिल को पीछे से एक डंपर चालक ने टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता सड़क पर जा गिरे और डंपर ने उसके पिता को बुरी तरह से कुचल दिया।

# मीटर रीडिंग जांचने गए बिजली कर्मियों से मारपीट

- कर्मचारियों के कपड़े फाड़ने व उपकरण छीनने का आरोप
- दंपत्ति समेत तीन आरोपियों के खिलाफ किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

गांव सलेमपुर बांगर में मीटर रीडिंग की जांच करने गए बिजली निगम के कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई। इस दौरान कर्मचारियों के कपड़े फाडने व उपकरण छीनने का भी आरोप है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दंपत्ति समेत तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार विद्युत निगम छछरौली सर्कल के एसडीओ सुखविंद्र सिंह ने बताया कि उनकी टीम के सदस्य गांव मलिकपुर बांगर में मीटर रीडिंग की शिकायत पर जांच के लिए गए थे। इस दौरान लाइट नहीं थी तो कर्मचारी मीटर की रीडिंग नहीं ले पाए। इसके बाद कर्मचारी बिजली की लाइन ठीक करने के लिए जाने लगे तो गांव के ही राकेश, उसकी पत्नी मोनिका व पिता बलबीर सिंह ने उन पर ईंट व पत्थरों से हमला बोल दिया और कर्मचारियों के साथ गाली गलौच की। जब कर्मचारी अपनी जान बचाकर भागने लगे तो आरोपियों ने उनका पीछा कर कपड़े फाड़ दिए और उपकरण छीन लिए। इसके बाद कर्मचारी जान बचाकर कार्यालय पहुंचे और मामले की सूचना अधिकारियों को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### सदिग्ध हालात में महिला लापता, मामला दर्ज

**जींद।** सफीदों से महिला के सदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 35 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गईं। तलाशने तथा पूछताछ करने उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा।

### कन्या भ्रूण हत्या एक जघन्य अपराध : महेंद्र

**जींद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के अंतर्गत जाजवान गांव में ब्लॉक एजुकेटर महेंद्र सिंह और स्वास्थ्य सुपरवाइजर ईशवंती देवी की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया। इसमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर जागरूक किया गया और पीएनडीटी एक्ट के बारे में जानकारी दी गई।

ब्लॉक एजुकेटर महेंद्र सिंह ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक जघन्य अपराध है।

### गुरुकुल विद्यापीठ में करवाई माक ड्रिल

**जींद।** गुरुकुल विद्यापीठ में भारत-पाक के संभावित युद्ध के खतरे को ध्यान में रखते हुए सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल आयोजित की गई। विद्यापीठ प्राचार्य राकेश वत्स ने बताया कि इस अभ्यास प्रक्रिया में छात्रों को हवाई हमलों के दौरान सैन्य चेतावनी के अनुसार एहतियात बरतने और जान की सुरक्षा के लिए सुझाव बताए और मॉक ड्रिल करवाई।

### बारह को होगा महाबली हनुमान का जागरण

**जींद।** श्री बालाजी मेंहदीपुर सेवा समिति के तत्वाधान में 12 मई रात्रि को रानी तालाब के नजदीक श्री राम मंदिर में प्रथम महाबली हनुमान का जागरण एवं भंडारे का आयोजन होगा। समिति से जुड़े श्रद्धालु प्रवीन गुप्ता, प्रवीन मितल, सन्नी सैनी, सुरेश गर्ग, प्रमोंद बंसल, ललित गोयल ने बताया कि महाबली हनुमान के इस जागरण में मुख्यातिथि के तौर पर समाज सेवी पवन गर्ग, सुरेश मंगला सहित अनेको प्रबुद्धों को बुलाया है।

### वकील के साथ मारपीट करने पर मामला दर्ज

**जींद।** वकील के साथ मारपीट करने तथा गाली गलौच करने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरवाना कोर्ट मे वकील हर्ष ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि जींद निवासी विकास का उसकी पत्नी रितू के साथ विवाद चला आ रहा है। वह रितू का वकील है।

### भगवान परशुराम प्रकटोत्सव 16 को

**जींद।** पं. नेकीराम शर्मा विचार मंच एवं ब्राह्मण धर्मशाला उचाना द्वारा 16 मई को भगवान परशुराम प्रकटोत्सव मनाया जाएगा। उचाना की भगवान परशुराम धर्मशाला में इसका आयोजन होगा। मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचेंगे।

### मारपीट कर ट्रैक्टर की चाबी छीनी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव लुदाना के निकट ट्रैक्टर की चाबी छीनने तथा मारपीट करने पर पिल्लूखेडा थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बीबीपुर निवासी सतीश ने बताया कि उसकी गांव के सोनू से पुरानी रंजिश चली आ रही है।

---

### सांय 4 बजे एयर स्ट्राइक के मद्देनजर बजे सायरन से सभी हो गए सचेत एवं सतर्क

# प्रशासन की ओर से करनाल जिले में पांच स्थानों पर हुआ नागरिक सुरक्षा अभ्यास

**डीसी उत्तम सिंह ने मॉक ड्रिल की हर गतिविधि पर रखी पैनी नजर निर्धारित समय में मॉक ड्रिल हुई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा अभ्यास के तहत बुधवार शाम 4 बजे करनाल जिला में एयर स्ट्राइक के मद्देनजर मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ। जिला में लघु सचिवालय परिसर, पुराना बस अड्डा, यूएचबीवीएन बिल्डिंग, गवर्नमेंट कॉलेज और पुरानी सब्जी मंडी के नजदीक पब्लिक हेल्थ के कार्यालय में निर्धारित समयावधि में मॉक ड्रिल हुई। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी उत्तम सिंह के नेतृत्व में जिला में योजनाबद्ध तरीके से नागरिक सुरक्षा अभ्यास किया गया जिसमें आपदा की स्थिति में हुई जान माल की रक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई। डीसी एवं चेयरमैन उत्तम सिंह ने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित



**ब्लैक आउट की अपील**

मॉक ड्रिल के मद्देनजर डीसी उत्तम सिंह व एसपी गंगाराम पूनिया ने प्राधिकरण के सभी सदस्यों सहित अन्य गणमान्य प्रतिनिधि के साथ बैठक भी की और आपदा की स्थिति से निपटने के लिए किए जाने वाले प्रबंधों की समीक्षा की।

मॉक ड्रिल के दौरान घायलों को ले जाती पुलिस फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा अभ्यास के तहत करनाल जिला में नागरिक सुरक्षा तंत्र और आपातकालीन प्रतिक्रिया का परीक्षण और सुदृढ़ीकरण करने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

मॉक ड्रिल में सायं 4 बजे साइरन के साथ सभी चिन्हित स्थानों पर अभ्यास शुरू हुआ और जिन भवनों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय तल पर लोग मौजूद थे वे तुरंत प्रभाव से भू तल पर आ गए और स्वयं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए। जहां कहीं भी आपदा की स्थिति के दौरान लोग ऊपरी तलों पर फंस गए थे उन्हें सुरक्षित तरीके से फायर बिग्रेड कर्मियों, एसडीआरएफ, पुलिस व आपदा मित्रों द्वारा नीचे उतारा गया और इलाज के लिए निकटवर्ती अस्पताल में पहुंचाया गया।

**अफवाहों पर न दे ध्यान: डीसी**

डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि शाम 4 बजे सायरन बजाकर सरकारी विभागों और स्वयंसेवकों सहित सभी हितधारकों को शामिल करते हुए महत्वपूर्ण और रणनीतिक स्थानों पर मॉक ड्रिल ऑपरेशन शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि इस मॉक ड्रिल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया कि ऐसी स्थिति आने पर आश्रय के रूप में एक सुरक्षित आंतरिक कमरे या तहखाने की पहचान करें। फॅमिली ड्रिल्स का अभ्यास करें, लाइट बंद करें, 1-2 मिनट के भीतर सुरक्षित क्षेत्र में इकट्ठा हों। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। सरकार व जिला प्रशासन द्वारा जारी सूचनाओं की अनुपालना करें। इस दौरान एसपी गंगाराम पूनिया, एडीसी यश जालुका, एसडीएम अनुभव मेहता, सीटीएम मोनिका, रेडक्रास सचिव कुलबीर मलिक व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**गतिविधियों की रिपोर्ट पुलिस को दें**

डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि यह मॉक ड्रिल आपातकालीन स्थिति में क्या करें और क्या न करें और क्या-क्या सावधानियां बरतने के उद्देश्य से करवाई गई है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया वे अपने क्षेत्र में होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट तुरंत पुलिस और स्थानीय अधिकारियों को दें। राज्य सरकार ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत जिला और राज्य, दोनों स्तरों पर घटना प्रतिक्रिया प्रणाली (आईआरएस) को औपचारिक रूप से लागू कर दिया है। इस पहल का उद्देश्य प्रतिक्रिया तंत्र को सुव्यवस्थित करना, आपातकालीन स्थितियों के दौरान भ्रम को कम करना और तदर्थ उपायों पर निर्भरता को कम करना है। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास का उद्देश्य नागरिकों को किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार करना तथा विकट स्थिति के दौरान बड़े

---



तरावड़ी। गेंहू के ट्रक को रवाना करते हुये संचालिका सुदेश बहन, इंदू बहन, मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता व नपा अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल फोटो : हरिभूमि

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि को गेहू का ट्रक किया रवाना

**तरावड़ी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मुख्यालय माउंट आबू के आश्रम में सहयोग के लिए तरावड़ी अनाज मंडी की ओर से गेहूं से भरा ट्रक रवाना किया गया। इस अवसर पर आढ़ती एसोसिएशन तरावड़ी के प्रधान सुभाष गुप्ता, नगर पालिका तरावड़ी के चेयरमैन वीरेंद्र बंसल, शांतिवन गोपाल गौशाला तरावड़ी के प्रधान राकेश गर्ग, सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास बसंल समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग एवं तरावड़ी अनाज मंडी के आढ़ती मौजूद रहे। सभी आडतियों भाईयो ने मिलकर गेहूं से भरे ट्रक को माउंट आबू के लिए रवाना किया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तरावड़ी की संचालिका सुदेश बहन, इंदू बहन, रीना बहन ने गणमान्य लोगों एवं आढ़तियों का आभार जताया। जानकारी देते हुए नगरपालिका तरावड़ी के चेयरमैन वीरेंद्र बंसल एवं आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता ने बताया कि तरावड़ी अनाज मंडी की तरफ से 20 वर्षों से यह सेवा भेजी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय समाज को एक अच्छे रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित कर रहा है।

भविष्य में जो भी सहयोग होगा, विश्वविद्यालय के लिए जरूर किया जाएगा।

---

## सांसद खेल प्रतियोगिता में हुए रोमांचक मुकाबले

- सांसद खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

जिला खेल अधिकारी सुधा भसीन ने बताया कि सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय कर्ण स्टेडियम में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन कबड्डी व खो-खो के रोमांचक मुकाबले हुए जिनमें खिलाडिय़ों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



जिला खेल अधिकारी ने बताया कि आज हुए मैचों में महिला एवं पुरुष सीनियर वर्ग में खो-खो व कबड्डी के मैच हुए। कबड्डी मैच में गुरुकुल एकेडमी मोर माजरा की टीम पहले, लघु खेलो इंडिया मोर माजरा की टीम दूसरे, खेलो इंडिया स्पोर्ट्स एकेडमी गुरुकुल की टीम तीसरे तथा हरियाणा राजकीय नर्सरी मोर माजरा की टीम चौथे स्थान पर रही।

**पखाना की टीम अव्वल**

इसी प्रकार से अन्य मुकाबलोगं में महिला वर्ग में खो-खो प्रतियोगिता में पखाना की टीम पहले , पाढा गुरुकुल की टीम दूसरे, गंगा टेहड़ी पोपड़ा की टीम तीसरे और नलवीपार पंचायत की टीम चौथे स्थान पर रही। उन्होंने बताया कि ये सभी टीमें फाइनल राउंड में पहुंच गई हैं।

---

*200 छात्राओं ने भाग लिया*

## राजकीय महिला महाविद्यालय बसताड़ा में मॉक ड्रिल का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा

भारत सरकार के आदेश अनुसार राजकीय महिला महाविद्यालय बसताड़ा घरौंडा में प्राचार्या श्रीमती कमलेश रानी के कुशल नेतृत्व, योग्य मार्गदर्शन व एनएसएस संयोजिका अनुराधा के संयोजन में नागरिक सुरक्षा पूर्वाभ्यास मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की 200 से अधिक छात्राओं द्वारा सक्रिय रूप से भाग लिया गया।

मॉक ड्रिल से पूर्व महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ सतीश कुमार ने युद्ध



की स्थिति में सामान्य नागरिक द्वारा बरती जाने वाली विभिन्न सावधानियों पर विस्तार से जानकारी सांझा की। उन्होंने बताया कि सायरन बजने पर यदि आप घर से बाहर है तो अंदर पहुंचकर घर के किसी कोने, सीढ़ियों के नीचे अथवा किसी मेज आदि के नीचे छुपना सुनिश्चित करें।

यदि आप खेत या मैदान में हैं तो पेट के बल नीचे लेट जाएं और अपने कानों को अपनी उंगलियों से बंद कर ले, मोबाइल, लाइट,टॉर्च तुरंत बंद कर दे।

---

*करनाल में अभ्यास*

## आपातकालीन स्थिति से निपटने की मॉक ड्रिल किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

करनाल जिले में आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तत्परता जांचने के लिए एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य रेस्क्यू टीमों की प्रतिक्रिया समय, समन्वय और संसाधनों की उपलब्धता की समीक्षा करना था।

**ब्लैकआउट और अलर्ट सायरन:** समय: शाम 7:50 से 8:00 बजे तक ब्लैकआउट किया गया। हालांकि नगर निगम की सड़क लाइटें बंद नहीं हुईं, पर सचिवालय परिसर में अचानक आपातकालीन सायरन बजा दिया गया, जिससे अफरा-तफरी मच गई।

**आग और धुएं की सूचना:** सूचना दी गई कि सचिवालय में आग लग गई है और लोग अंदर फंसे हैं। कुछ ही मिनटों में दमकल, एम्बुलेंस और पुलिस की टीमें सक्रिय हो गईं।

**बस स्टैंड पर मॉक ड्रिल:** करनाल बस स्टैंड पर भी अभ्यास किया गया। एम्बुलेंस ने 15 मिनट के अंदर पहुंचकर स्थिति को संभाला।

**प्रशासन की प्रतिक्रिया:** जिला उपायुक्त उत्तम सिंह बोले

यह अभ्यास सभी विभागों की तत्परता जांचने के लिए किया गया था।

---

## साहित्य को उभारने में रविन्द्र नाथ टैगोर का अभूतपूर्व योगदान : सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

डीएवी पीजी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में सुप्रसिद्ध भारतीय कवि, लेखक, नाटककार, संगीतकार, दार्शनिक और चित्रकार रविंद्र नाथ टैगोर के जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी, अंग्रेजी विभाग की अध्यक्षा डॉ सीमा शर्मा एवं अंग्रेजी विभाग के अन्य स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उनके चित्र के समक्ष श्रृद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

रविन्द्र नाथ टैगोर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य प्रोफेसर



रामपाल सैनी ने कहा कि वह भारत के एक समाज सुधारक थे, उन्होंने बाल विवाह, दहेज प्रथा और जातिवाद जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने संगीत, कला के क्षेत्र को उभारने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी रचनाएं भारतीय संस्कृति, समाज, और मानवीय मूल्यों पर आधारित प्रेरणादायक है। वह बंगाली साहित्य के सबसे महान लेखकों में से एक थे और वे एक युगदृष्टा भी रहे।

---

## शपथ लेकर दिया करप्शन फ्री इंडिया का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा करप्शन फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत आर्य सीनियर सेकेंडरी विद्यापीठ स्कूल में सत्यनिष्ठा शपथ ग्रहण एवं एक्सीलेंस स्टूडेंट अवॉर्ड सेमिनार का आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्टेट चेयरमैन हरियाणा आशीष मलिक ने की। इस अवसर पर सइंटरनेशनल चीफ डायरेक्टर अजीत राही ने विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्कूल के होनहार विद्यार्थियों जिनमें तनीषा, गीतिका, विहान, भूपिंदर, अभिनव, श्रेया, रितेश, पूर्व, नतिक , हर्षिता, सायना, सतनाम, शगुन, सलोनी, यशिका, मनप्रीत सिंह, ओनिक, अर्जुन, निकिता को एक्सीलेंस स्टूडेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के वाइस प्रिंसिपल सुशील कुमार एवं पीटीआई नीरज गुनियाना को बेस्ट टीचर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन लाखों विद्यार्थियों को करप्शन फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवा चुका है।

---

*राष्ट्रीय लोक अदालत 10 को*

## जेल में लोक अदालत का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज करनाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को जिला कारागार में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जेल लोक अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन के



समक्ष 12 मामले रखे गए। बता दें कि इनमें से 8 मामलों का निपटारा कर 7 मुलजिमों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया। सुश्री इरम हसन ने जेल मे रह रहे बंदियों को मुफ्त कानूनी सेवाओं से अवगत करवाया और उनको प्रदान की जा रही सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने बताया कि 10 मई को जिला न्यायालय व सब डिवीजन इन्द्री, असंध और घरौंडा में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

---

*स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत की सफाई*

## नीलोखेड़ी में स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाया

एजेंसी ⏭ नीलोखेड़ी

नगरपालिका सचिव अजित कुमार व चेयरमैन सनमीत कौर आहूजा के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत प्रेरकों द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला में स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया प्रेरको ने बच्चों को सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान बताये और कहा कि शहर को स्वच्छ और सुन्दर




बनाने के लिए हमें घर से ही गीला सूखा कूड़ा अलग करके देना चाहिए इस बारे बच्चों को जागरूक किया गया।इस बारे बक्शी ब्राह्मण सभा के संरक्षक सदस्य संदीप कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा चलाया एक महत्वपूर्ण अभियान है।

---

## योग, प्राणायाम और हल्का व्यायाम रखेगा स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

करनाल के विख्यात हेल्थ एंड फिटनेस एक्सपर्ट मुकेश राणा ने बदलते मौसम में स्वस्थ रहने के लिए टिप्स साझा करते हुए बताया कि मौसम में तेजी से हो रहे परिवर्तन के चलते हमें अपने स्वास्थ्य की ओर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। बदलते मौसम में अपना ध्यान रखने के लिए, अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और नियमित रूप से योग जरूर करें। इसके अलावा, संतुलित आहार लें, 7-8 घंटे की नींद लें, और योग, ध्यान, और वॉक जैसे गतिविधियों को अपने दिनचर्या में शामिल करें।

उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में, आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो सकती है। अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए, अपने आहार में फल, सब्जियां, और साबुत अनाज शामिल करें। आप हल्दी, अदरक और तुलसी का काढ़ा बनाकर इसका सेवन कर सकते हैं। बदलते मौसम में, आपके शरीर को अधिक पानी की आवश्यकता होती है। दिन में कम से कम 10-12 गिलास पानी पिएं।

---

## निगमायुक्त ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

- जलभराव की संभावित जगहों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बुधवार को शहर के वार्ड 10 व 12 में चल रहे विकास कार्यों तथा जलभराव की संभावित जगहों का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा, सलाहकार महीपाल सिंह, कनिष्ठ अभियंता तथा सफाई निरीक्षक मौजूद रहे। निगमायुक्त ने सबसे पहले वार्ड 10 के सेक्टर-13 का निरीक्षण कर किए जा रहे रिलेयिंग कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर लेबर की संख्या



कम मिलने पर सम्बंधित एजेंसी को नोटिस जारी करने के निगमायुक्त ने निर्देश दिए। बता दें कि सेक्टर-13 स्थित शांति देवी मैमोरियल अस्पताल से डिवाईडिंग रोड तक बरसाती पानी निकासी के लिए बड़ी पाईप लाईन डाली गई थी। इसके पश्चात बर्म को दोबारा सही किया जाना था। इसके लिए बर्म का लेवल दुरूस्त कर उस पर इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक लगाए जाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य पर अनुमानित 17 लाख 32 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

**रेलवे रोड का दौरा**

इसके पश्चात उन्होंने रेलवे रोड़ स्थित चमन गार्डन क्षेत्र का दौरा कर कुछ समय पहले हुए सडक़ सुदृढ़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। सडक़ को देखकर उन्होंने अपनी संतुष्टि जाहिर की। उन्होंने कहा कि सडक़ पर जलभराव न हो, इसकी उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने जानकारी देते बताया कि चमन गार्डन की सडक़, दयाल सिंह स्कूल सडक़ तथा करनाल क्लब से कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज तक सडक़ का सुदृढ़ीकरण किया जाना है। चमन गार्डन सडक़ का कार्य हो चुका है। इन तीनों सडक़ों पर अनुमानित 51 लाख रुपये की राशि व्यय की जाएगी।

---

## आत्महत्या मामले में नया मोड़ सफाई के दौरान मिला सुसाइड नोट

करनाल। करनाल के पिंगली चौक निवासी राजपाल द्वारा आत्महत्या करने के मामले में एक नया खुलासा हुआ है। 4 मई को राजपाल ने अपने घर में फंदा लगाकर जान दे दी थी। घटना के समय कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला था, लेकिन 6 मई को मृतक के बड़े भाई राजेन्द्र को घर की सफाई के दौरान एक अन्य कमरे से सुसाइड नोट मिला। इस नोट में राजपाल ने अपनी आत्महत्या के पीछे के कारणों और जिम्मेदार व्यक्तियों का उल्लेख किया है। राजपाल द्वारा छोड़े गए इस सुसाइड नोट में पत्नी नीलम, साली ममता, ममता का पति गोंडी, दूसरी साली आरती, सास, नीलम का रिश्तेदार भूषण और अंकुश के नाम शामिल हैं। अंकुश के बारे में लिखा गया है कि उसने नीलम को धर्म भाई बनाया हुआ था और वह करनाल में रह रहा था। राजपाल ने इन सभी पर पैसे की मांग, मानसिक प्रताड़ना और चरित्र पर शक जैसे आरोप लगाए हैं। मृतक के भाई बिजेन्द्र ने बताया कि राजपाल पिछले चार महीने से मानसिक तनाव में था। उसकी पत्नी नीलम करीब चार महीने पहले उसे छोड़कर अपने मायके यमुनानगर चली गई थी। इससे राजपाल पूरी तरह टूट चुका था।

## खबर संक्षेप



पानीपत। बाबा सुमेर दास की समाधि पर तपस्या करते महंत।

### बाबा सुमेर दास धुनी तपस्या पर

**इसराना।** पानीपत के गांव इसराना स्थित बाबा सुमेर दास सिद्ध समाधि स्थल पर 41 दिन की पंच धुनी तपस्या जारी है जो चार मई को शुरू की गई थी और 12 जून को हवन यज्ञ कर विशाल भन्डारे के आयोजन के साथ सम्पन्न होगी। बता दें कि इसराना के बाबा सुमेर दास गद्दी आसीन महंत रामदास जी व हनुमान गढ़ी अयोध्या के मुख्य पुजारी दोनों द्वारा पंच धुनि तपस्या की जा रही है।

### प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं सरकारी विभाग

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया की नगर निगम के अधीन बहुत से ऐसे सरकारी विभाग हैं जिनके द्वारा अपनी प्रॉपर्टी का प्रॉपर्टी टैक्स इस कार्यालय में जमा नहीं करवाया जा रहा जबकि हरियाणा नगर निगम अधिनियम की धारा 1994 का धारा 87 ए के तहत संपत्ति धारक को अपने संपत्तिकर का स्वयं निर्धारण करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 87 बी (2) के तहत भुगतान करना होता है जो की काफी विभागों के द्वारा निर्धारित अवधि के अंदर नहीं किया जा रहा।

### अंडर 19 क्रिकेट टीम का चयन 10 को

**पानीपत।** हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत होने वाली अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला पानीपत अंडर 19 क्रिकेट टीम का चयन शनिवार दस मई को सुबह आठ बजे विजन क्रिकेट ग्राउंड, नजदीक भैंसवाल मोड, बरसत रोड, पानीपत में किया जाएगा। वहीं, जो भी खिलाडी ट्रॉयल देने के लिए आएगा, वह अपने साथ अपने जन्म प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति लेकर आये। यह जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव जितेन्द्र सिंह ने दी।

### पार्षद ने ट्यूबवेल का शुभारंभ किया

**पानीपत।** पानीपत नगर निगम के वार्ड चार की पार्षद अंजलि ने कोटला बस्ती में पीने के पानी के ट्यूबवेल लगाने के कार्य का शुभारंभ किया। गौरतलब है इस क्षेत्र में जनता पानी के संकट से जूझ रही थी। कोटला बस्ती वासियों की जल संकट से निजात दिलवाने के लिए एक हजार फुट का ट्यूबवेल लगवाया गया है। इस अवसर पर प्रवीण ठेकेदार, सुभाष नारंग, सूरजभान वर्मा, रामपाल शर्मा, योगेश गोयल, भारत व मनीष आदि उपस्थित रहे।

### दयाल सिंह स्कूल में एंटी बुलिंग डे मनाया

**पानीपत।** दयाल सिंह स्कूल पानीपत में एंटी बुलिंग डे पर कार्यक्रम हुआ। वहीं कक्षा नौवीं से बारहवीं के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को बदमाशी के हानिकारक प्रभावों के प्रति संवेदनशील बनाना और एक सुरक्षित सम्मानजनक स्कूल वातावरण को ब-सजय़ावा देना है।

### भुक्खड़ ढाबा का हुआ शुभारंभ

**पानीपत।** पिज़्ज़ा विंग्स के सीईओ, आदित्य धांडा ने कहा, इस ब्रांड ने पानीपत शहर में भुक्खड़ का ढाबा और द कैलज़ोंज़ एंड टाकोज़ के क्लाउड किचन लॉन्च किए हैं, जहां कई तरह की इंडियन ग्रेवीज़, पराठे, बिरयानी के साथ टाकोज़, कैलज़ोंज़ आदि भी मिलेंगे। वहीं, पिज़्ज़ा विंग्स ब्रांड भारतीयों की पसंद के अनुरूप हाईपर-लोकलाईज़्ड मेन्यू पेश करेगा। यह कई तरह की करीज़, कबाब, पराठे और देसी व्यंजनों की होम डिलीवरी बहुत तेजी से करता है।

### जिला प्रशासन 16 को ब्राहमण माजरा में

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र ददहिया ने बताया कि जिले के गांव ब्राह्मण माजरा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में 9 मई को 5 बजे होने वाले रात्रि ठहराव कार्यक्रम को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। अब कार्यक्रम 16 मई को होगा।

## नागरिकों को हर हालात से निपटने के लिए दिया प्रशिक्षण

# पानीपत के जिला सचिवालय में मॉक ड्रिल फायर बिग्रेड ने चार तरह का दिया डेमो

### मॉक ड्रिल में पुलिस व दमकल ने दिखाया सशक्त जज्बा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला सचिवालय में बुधवार को भी अन्य दिनों की तरह सब कुछ सामान्य चल रहा था। अधिकारी अपने-अपने काम में व्यस्त थे। अचानक तेज सायरन की आवाज सचिवालय में सुनाई पड़ी। हकीकत में ऐसा कुछ भी नहीं था, यह अधिकारिक तौर पर मॉक ड्रिल की सूचना थी, जिसमें सावधानी व सतर्कता बरतने का संदेश दिया जा रहा था। यह दृश्य जिले में अलग-अलग स्थानों पर मॉक ड्रिल के तहत किया गया था।

मॉक ड्रिल में रेस्क्यू आप्रेशन के तहत बिल्डिंग में फंसे कर्मचारियों को बाहर निकाला जा रहा था। सूचना के मिलने के साथ ही रेडक्रास की टीम भी सक्रिय थी। वे अपनी पूरी तैयारी के साथ घटना स्थल पर पहुंच गई थी। बिल्डिंग में अग्निशमन की टीम द्वारा घायल कर्मिचारियों को बाहर निकाला जा रहा था व साथ में खड़ी एंबुलेंस में स्टेचर के माध्यम से घायल कर्मचारियों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था। घटना स्थल पर लगातार भीड़ बढ़ती जा रही थी। प्रशासन द्वारा पूरी एहतियात बरती गई थी। घटना स्थल पर मौजूद लोग अंदर फंसे कर्मचारियों की सलामती के लिए भगवान से प्रार्थना कर रहे थे। इधर, एसडीएम ब्रहमप्रकाश ने बताया कि यह मॉक ड्रिल एक तरह से नागरिकों के लिए एक संदेश देती है कि अगर कोई ऐसी स्थिति भविष्य में बनती है तो हमें सूझबूझ से कार्य लेना है व एक-दूसरे का सहयोग करना है। उन्होंने बताया कि हमें घर पर कम से कम तीन दिन का राशन सुरक्षित रखना है। आर्थिक स्थिति के तहत कई दिनों के पैसे का इंतजाम पूर्व में ही रखना है। रात्रि के वक्त अलर्ट व सतर्कता से कार्य लेना है। अफवाहों पर विश्वास न करके आधिकारिक सूचना पर ध्यान देना है। एसडीएम ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा किट, टार्च व एक्स्ट्रा सैल, मोबाइल चार्जर, पावर बैंक, खिड़कियों पर मोटे पर्दे, काले कागज या ब्लाईंड लगाना जरूरी है। ब चों को सुरक्षित स्थान और प्रक्रिया की जानकारी देनी है। आपातकालीन स्थिति में शीशे से दूर रहना है और जमीन पर लेट जाना है। उन्होंने बताया कि आज की मॉक ड्रिल में सात कैजुअल्टी पाई गई हैं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद विभिन्न अस्पतालों में रेफर किया गया है, जिनकी हालत ठीक है। इसी कड़ी में विभाग द्वारा निगम कार्यालय, इसराना तहसील, लघु सचिवालय समालखा, पानीपत जेल इत्यादि में मॉक ड्रिल की गई।

**मॉक ड्रिल से दिया सर्तकता का संदेश**



पानीपत। पानीपत के जिला सचिवालय में मॉक ड्रिल करते हुए पुलिस, दमकल आदि की टीमें। *फोटो : हरिभूमि*



पानीपत। पानीपत के जिला सचिवालय में मॉक ड्रिल करते हुए पुलिस, दमकल आदि की टीमें। *फोटो : हरिभूमि*

#### अफसरों ने ऐसे किया लोगों को सतर्क

मॉक ड्रिल में लैंडर ड्रिल के तहत बिल्डिंग में लगी आग पर फायर अधिकारी गुरमेल सिंह अपनी टीम के साथ पानी के पाइपों के सहयोग से आग पर काबू पा रहे थे व फंसे कर्मचारियों को सचिवालय से बाहर निकाल रहे थे। पूरी बिल्डिंग धुंए से भरी हुई थी, जिसमें कर्मचारी जहरीले धुंए की परवाह न करते हुए जान जोखिम में डालकर इस आप्रेशन को अंजाम दे रहे थे। भीड़ पर नियंत्रण करने के लिए पुलिस बल अपना काम कर रहा था।

#### डीएसपी ने आम नागरिकों को किया सचेत

डीएसपी सतीश वत्स इस मॉक ड्रिल में आम नागरिकों को सचेत कर रहे थे कि सब कुछ नियंत्रण में है। घबराने की कोई जरूरत नहीं है। स्थिति पर काबू पा लिया गया है। बिल्डिंग में फंसे कर्मचारियों को एक-एक करके बाहर निकाला जा रहा है। अग्निशमन विभाग की टीम सीढ़ी के जरिए प्रथम फ्लोर पर फंसे कर्मचारियों को निकालने में अपनी अहम् भूमिका निभा रही थी। उन्होंने बताया कि इस तरह की स्थिति में हमें हौंसले से कार्य लेना चाहिए व जहां तक सम्भव हो सके अफवाहों से दूर रहकर प्रशासन को सूचित करना चाहिए ताकि सही संदेश जनता में जा सके। आपातकालीन स्थिति में नजदीकी पुलिस थाना को सूचित करना है। उन्होंने बताया कि अधिकारिक अपडेट के लिए रेडियो, टीवी देखते रहना है। पहले से ही आश्रय के लिए सुरक्षित तहखाने की पहचान कर लेनी है। जरूरत पडने पर पर पुलिस 112, अग्नि 101 व एम्बुलैंस 120 पर कॉल करना है। पुलिस अधिकारी बार-बार जनता से अपील कर रहे थे कि घबराने की जरूरत नहीं है। स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया है।



पानीपत। मुख्यमंत्री नायब सैनी का स्वागत करते हुए आरएसएस नेता राजेश गोयल।

### मुख्यमंत्री ने नवदंपति को आशीर्वाद दिया

पानीपत। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंगलवार देर रात स्थानीय सेक्टर 25 में आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश गोयल की पुत्री कनिका के विवाह समारोह में शिरकत की। सीएम सैन ने नवदंपति को अपना आशीर्वाद देकर भगवान से उनके सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, ऊर्जा मंत्री अनिल विज, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पूर्व सांसद संजय भाटिया सहित शहर के विभिन्न गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।



पानीपत। जिला शिक्षा अधिकारी जरूरतमंद बच्चों को पुस्तकें भेंट करते हुए।

### जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान है केशव बुक बैंक: राम कुमार सैनी

**पानीपत।** रतिराम वाटिका में केशव बुक बैंक द्वारा पुस्तक वितरण एवं सम्मान समारोह रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेयर प्रतिनिधि राम कुमार सैनी व विशिष्ट अतिथि डीईओ राकेश बूरा रहे। जबकि अध्यक्षता पंडित निरंजन पाराशर ने की। बुक बैंक के प्रधान व संस्थापक विजय मनचंदा ने अतिथियों का सम्मान करते हुए कहा कि बुक बैंक को समाज का सहयोग समय समय पर मिलता रहा है। केशव बुक बैंक का लक्ष्य है कि कोई भी विद्यार्थी किताबों की वजह से शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। मंच संचालन सोनू सिंह व दीपक सचदेवा ने किया। विजय मनचंदा ने कहा कि केशव बुक बैंक पिछले 5 वर्षों से समाज, विद्यालय व विद्यार्थियों से पुस्तके इकठा करता है और जरुरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क उपलब्ध करवाता है। इस दौरान 1000 से ज्यादा विद्यार्थियों को बुक बैंक की ओर से दी जा चुकी है। आज भी 30 विद्यार्थियों को पुस्तकें तथा 12 समाजसेवी संस्थाओ, विद्यालय के प्रधानाचार्य आदि को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर निपुण छाबड़ा, सुरेंद्र सैनी, हेमंत, अनमोल व आदेश आदि मौजूद रहे।

## जीवन को अंधेरे में ले जाता है नशा

- नशे के खिलाफ जागरूकता को प्रदर्शनी मोबाइल वैन रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

पानीपत जिला में नशा मुक्त अभियान के नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र कादियान ने नशा मुक्त अभियान के तहत बुधवार को समालखा फ्लाई ओवर पुल के नीचे से नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए प्रदर्शनी मोबाइल वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें ब्रह्मकुमारीज संस्थान का भी विशेष रूप से सहयोग रहा। वहीं, मोबाइल वैन के साथ समालखा रेलवे रोड सहित मुख्य बाजार में पैदल रैली निकालकर आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक किया गया। अभियान का लक्ष्य आगामी कुछ महीनों में जिला की प्रत्येक कॉलोनी, गांव व कस्बा में मोबाइल वैन में लगे आडियों वीडियों प्रदर्शनी से लोगों को नशे से दुष्प्रभाव से जागरूक कर जिला को नशा मुक्त बनाना है। इस अवसर पर समालखा ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्र संचालिका किरण, सहयोगी ममता, समालखा थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर दीपक व कॉर्डिनेटर जगपाल मुख्य रूप से उपस्थित रहें।



पानीपत। पुलिस व बीके बहनें जागरूकता वाहन को रवाना करते हुए।

## बाल विवाह करना व करवाना पाप: दीपिका

- बाल विवाह करवाने पर हो सकती है सजा एवं जुर्माना
- जानकारी मिलने पर पुलिस कर सकती है कानूनी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के सहयोगी संगठन एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा गांव पट्टीकल्याणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और राजकीय उच्च विद्यालय तथा गांव रेरकलां राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ बाल विवाह कानून, पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम अधिनियम के बारे में प्रशिक्षण देकर उन्हें बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई। इसमें बालविवाह के दुष्परिणामों तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया गया। सरंक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा जागरूकता फैलाकर ही इस समस्या से निपटा जा सकता है। इसके लिए पुजारियों, बैंक्वेट हाल मालिकों, हलवाई, टैंट वालों, प्रिंटिंग प्रेस वालों, डेकोरेटर्स सभी को समझाया जा रहा है कि लड़की और लड़के की उम्र जांचकर ही शादी करवाएं। एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक संजय कुमार ने बताया कि बाल विवाह मानवता के खिलाफ अपराध है। जिससे लड़कियों के शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा के अधिकार का हनन है। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार यह केवल कानून एवं व्यवस्था का ही मसला नहीं है बल्कि यह एक गंभीर सामाजिक समस्या है। ऐसे में बाल विवाह के खिलाफ लगातार जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है तभी लड़कियां अपने बचपन को अपने इच्छा अनुसार जी पाएगी। इधर, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 200 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों का गठबंधन है जो 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए पूरे देश में काम कर रहे हैं।



पानीपत। बाल विवाह के खिलाफ शपथ लेते हुए विद्यार्थी व टीचर्स।

## समालखा के इंडस्ट्रियल एरिया में बिजली आपूर्ति सुचारू होगी

- पांच करोड रूपये की लागत से 33 केवी पावर सब स्टेशन बनाया जाएगा

अशोक शर्मा ▶▶| समालखा

उत्तर हरियाणा बिजली निगम ने इंडस्ट्रियल एरिया के फैक्टरी मालिकों को निर्बाध बिजली आपूर्ति की सौगात मिलने जा रही है। बिजली निगम ने समालखा में जीटी रोड पर स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में करीब पांच करोड़ की लागत से 33 केवी पावर सब स्टेशन बनाने का फैसला लिया है। जिसमें 12.5 एमवीए का ट्रांसफार्मर रखा जाएगा। बिजली घर बनने को समालखा बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता ने एक्सइएन एचएसआईआईडीसी को करीब आधा एकड़ जमीन दिलाने के लिए पत्र भेजा है। उधर, इंडस्ट्रियल एरिया में पावर हाउस के बनने पर फैक्टरी मालिकों ने खुशी जाहिर की और निगम के इस फैसले का स्वागत किया। इससे पहले इंडस्ट्रियल एरिया में लाइन ब्रेकडाउन होने पर फैक्टरी मालिकों को काफी देर तक बिजली आपूर्ति न होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, समालखा के 220 केवी पावर हाउस से इंडस्ट्रियल एरिया मिनी सचिवालय व अनाज मंडी फीडर की सप्लाई की जा रही है। पावर हाउस से करीब दो या ढाई किलोमीटर दूर जीटी रोड पर हाई वोल्टेज की लाइनें गुजर रही है लेकिन इंडस्ट्रियल एरिया की लाइन ब्रेकडाउन होने पर सेफ्टी के लिए अनाज मंडी व मिनी सचिवालय की सप्लाई बंद करनी पड़ती है।



## योग करने से शरीर रहता है निरोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति ने डीएवी पार्क हुडा सेक्टर 12 में पांच दिवसीय विज्ञान योग शिविर का शुभारंभ किया। केबिनेट मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। दीप प्रज्ज्वलन में पार्षद अमित नारंग, चेतन तनेजा, महेंद्र भूटानी, विक्की कटियाल व वीरेंद्र सोनी ने भी उनका सहयोग किया। अशोक अरोड़ा ने योग की जानकारी दी और योग कराया। डॉ. शेषपाल सिंह ने बताया कि योग करने से शरीर निरोग रहता है। वहीं गजेंद्र सलूजा ने कहा कि हर आयु वर्ग के लोगों को योग करना चाहिए। यहां मोहिंदर कटियाल, इंद्रजीत अरोड़ा, नंदलाल, हरीश आदि रहे।



पानीपत। योग शिविर का शुभारंभ करते हुए समाजसेवी गजेंद्र सलूजा।

## भारतीय सेना के शौर्य को नमन करता है आर्य समाज

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जिला भर में नागरिकों ने मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में लोगों ने जमकर जश्न बनाया। वहीं आर्य बाल भारती विद्यालय परिसर में जश्न मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने की। गांव बुढ़शाम के सरपंच राहुल आर्य मुख्य अतिथि रहे। आर्य समाज काबडी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य ने इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कोषाध्यक्ष महताब आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः कालीन हवन के साथ हुआ। वंदे मातरम्, भारत माता की जय, सत्य सनातन वैदिक धर्म की जय के नारे बार-बार लगते रहे। प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य ने सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी। इधर, कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि गत दिनों पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित पहलगाम की आतंकवादी घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। जब मजहब के आधार पर चुन चुन कर भारत के 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या की गई तभी से भारत की जनता इस दिन का इंतजार कर रही थी। भारतीयों को विश्वास था कि भारत की सेना देश के दुश्मनों से बदला लेगी। आखिर 6 तारीख की रात को भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकवादी ठिकानों पर सटीक निशाना लगाकर सैकड़ो आतंकवादियों को मौत के घाट उतार कर पहलगाम की घटना का बदला लिया है। इस समय जहां पाकिस्तान में मातम छाया हुआ है वही भारत के सभी प्रदेशों में जश्न मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में आर्य समाज तन मन धन से भारत सरकार के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि आर्य समाज की ओर से आर्य वीर दल के शिविर लगाकर भी छात्रों को देशभक्ति और राष्ट्रवाद का न केवल पाठ पढ़ाया जाता है बल्कि उन्हें वीरता के अनेक दांव पेंच भी सिखाए जाते हैं।



पानीपत। आर्य बाल भारती स्कूल में पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की खुशी मनाते हुए रणदीप आर्य आदि। *फोटो : हरिभूमि*

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**सुमित जिंदल पुत्र श्री सुधीर कुमार जिंदल पुत्र श्री धर्मपाल जिंदल निवासी मकान नम्बर 2007ए ब्लाक-ई, अंसल सुशांत सिटी पानीपत।**

**बनाम जनरल पब्लिक**

**अधीन धारा 40-41 रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत मरणोपरान्त वसीयतनामा पंजीकृत करने बारे।**

नोटिस

हम आम व खास को सूचित किया जाता है कि सुधीर जिंदल पुत्र श्री धर्मपाल जिंदल निवासी मकान नम्बर 2007, ब्लाक-ई, अंसल सुशांत सिटी पानीपत ने एक अनरजिस्टर्ड वसीयत दिनांक 07.04.2025 को अपनी सम्पति की बाबत अपनी पत्नी श्रीमति पूजा रानी जिंदल व सुमित जिंदल पुनीत जिंदल एवंम पुत्रवधु, अंशु जिंदल - अदिति जिंदल के पक्ष मे करवाई थी जिसको मरणोपरान्त पंजीकृत करवाने के लिये प्रार्थी ने मेरे कार्यालय में प्रस्तुत की है। वसीयतकर्ता सुधीर कुमार जिंदल जी की दिनांक 16.04.2025 को मृत्यु हो चुकी है। इसलिए इस नोटिस के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वसीयत पंजीकरण होने पर किसी भी व्यक्ति को या वारिस को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति किसी भी कार्य दिवस में असालतन या वकालतन या कार्यालय की E-Mail ID. tehsildar.panipat@hry.nic.in के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर मेरे कार्यालय में पेश कर सकते है। बाद गुजरने मियाद उक्त वसीयत नियमानुसार पंजीकृत कर दी जावेगी।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 06.05.25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार पानीपत**

**सागर पुत्र श्री गुलशन कुमार निवासी हाउस न. 317/10, पथाना मोहल्ला, तहसील व जिला पानीपत व आदि**

**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि सागर पुत्र श्री गुलशन कुमार निवासी हाउस न. 317/10, पथाना मोहल्ला, तहसील व जिला पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि मृतक स्व. श्री मोहन लाल पुत्र श्री घमंडी राम की मृत्यु दिनांक 05.02.2003 को हो चुकी है। मृतक स्व. श्री मोहन लाल पुत्र श्री घमंडी राम के देहान्त के बाद निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैं:-1. सतीश कक्कड़ (मृतक) (पुत्र) 2. जगदीश कक्कड़ (मृतक) (पुत्र) 3. राज कुमार (पुत्र) 4. रजिन्देर (पुत्र) 5. गुलशन कुमार (मृतक) (पुत्र) 6. राज रानी (पुत्री) के ही जायज वारिस हैं। कम्ल अरोड़ा पार्षद वार्ड न. 10 नगर निगम पानीपत व रवि पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट में उपरोक्त वारसान की तस्दीक की गई।
1. इसके अलावा अन्य कोई वारिस व वारसान नहीं है। मृतक की पत्नी का दिनांक 19.03.2005 को देहान्त हो गया है और मृतक की माता का हरसा पहले देहान्त हो गया है और इसके अलावा अन्य कोई वारिस नहीं है। 2. यह कि मृतक के वारिस 1. स्व. सतीश कक्कड़ का दिनांक 29.03.2017 को देहान्त हो गया है जिसके निम्नलिखित वारिस हैं न. 1. राजन कक्कड़ पुत्र 2. शिवानी 3. पूजा पुत्रीयान 4. रमेश रानी कक्कड़ पत्नी स्व. श्री सतीश कक्कड़ पुत्र श्री स्व. मोहन लाल पुत्र श्री घमंडी राम इसके अलावा अन्य कोई वारिस नहीं है। 3. यह कि मृतक के वारिस 2. स्व. जगदीश कक्कड़ का दिनांक 17.03.2024 को देहान्त हो गया है जिसके निम्नलिखित वारिस हैं न. 1. श्रीमति रीता रानी पत्नी 2. प्रिंस कक्कड़ 3. पारस कक्कड़ पुत्रगण स्व. श्री जगदीश कक्कड़ पुत्र श्री स्व. मोहन लाल पुत्र श्री घमंडी इसके अलावा अन्य कोई वारिस नहीं है। 4. यह कि मृतक के वारिस 3. स्व. गुलशन कुमार का दिनांक 29.12.2016 को देहान्त हो गया है जिसके निम्नलिखित वारिस हैं न. 1. श्रीमति सुमन रानी पत्नी 2. सागर पुत्र 3. कीर्ति पुत्री स्व. श्री गुलशन कुमार पुत्र श्री मोहन लाल पुत्र श्री घमंडी राम इसके अलावा अन्य कोई वारिस नहीं है। ऊपर दर्शाये गये वारसानों के मृतक स्व. श्री मोहन लाल पुत्र श्री घमंडी राम का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके संबंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार /नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक स्व. श्री मोहन लाल पुत्र श्री घमंडी राम के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम सब रजिस्ट्रार, पानीपत।**

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**पुनित जैन पुत्र श्रीमति हेम लता धर्मपत्नी श्री जिनेश कुमार जैन निवासी मकान नम्बर 238/2, रोशन महल, नियर सुभाष बाजार, पानीपत।**

**बनाम जनरल पब्लिक**

**अधीन धारा 40-41 रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत मरणोपरान्त वसीयतनामा पंजीकृत करने बारे।**

नोटिस

हम आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्रीमति हेम लता जैन धर्मपत्नी श्री जिनेश कुमार जैन निवासी मकान नम्बर 238/2, रोशन महल नियर सुभाष बाजार, पानीपत ने एक अनरजिस्टर्ड वसीयत दिनांक 24.12.2024 को अपनी सम्पति की बाबत अपने पुत्र प्रवेश जैन व पुनीत जैन व अपनी पुत्रवधु, बाकुल सुनेज व श्रूति जैन के पक्ष मे करवाई थी जिसको मरणोपरान्त पंजीकृत करवाने के लिये प्रार्थी ने मेरे कार्यालय में प्रस्तुत की है। वसीयतकर्ता श्रीमति हेम लता जैन जी की दिनांक 23.03.2025 को मृत्यु हो चुकी है। इसलिए इस नोटिस के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वसीयत पंजीकरण होने पर किसी भी व्यक्ति को या वारिस को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति किसी भी कार्य दिवस में असालतन या वकालतन या कार्यालय की E-Mail ID. tehsildar.panipat@hry.nic.in के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर मेरे कार्यालय में पेश कर सकते है। बाद गुजरने मियाद उक्त वसीयत नियमानुसार पंजीकृत कर दी जावेगी।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 06.05.25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

## खबर संक्षेप

### फैमिली आईडी वेरिफिकेशन को लेकर एडीसी की बैठक

**अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ ब्रह्मजीत सिंह ने परिवार पहचान पत्र (फैमिली आईडी) में इनकम वेरिफिकेशन से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में फैमिली आईडी से क्रीड हैडक्वार्टर द्वारा इस विषय में बैठक के दौरान ऐसे परिवार पहचान पत्रों की जानकारी सांझा की गई जिनके फैमिली आईडी में कुल आय शून्य है। क्रीड हेडक्वार्टर द्वारा बताया गया कि ऐसे परिवार पहचान पत्रों को संदेह के तौर पर देखा जाएगा और कार्यालय स्टाफ द्वारा ऐसे परिवारों से बात करके उनकी आय की जानकारी ली जाएगी। इसको लेकर जिला एवं खंड स्तर के अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### 244208.75 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले में 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 244208.75 मीट्रिक टन गेहूं को खरीदा गया है। इन मंडियों में अब तक 52785 किसान गेहूं लेकर आ चुके हैं। एजेंसियों द्वारा गत दिवस तक 98.6 प्रतिशत के साथ 240828 मीट्रिक टन गेहूं के उठान कार्य को पूरा कर लिया है। उपायुक्त ने बताया कि 6 मई तक अंबाला छावनी से 15133 एमटी, अंबाला शहर से 57684 एमटी, नन्यौला मंडी से 8024.65 एमटी, मुलाना मंडी से 23774.8 एमटी, साहा मंडी से 24940 एमटी, बराड़ा मंडी से 27900 एमटी गेहूं खरीदा जा चुका है।



### नारायणगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नारायणगढ़।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी मिश्रा रंगा के मार्गदर्शन में खंड के गांव छोटी बस्सी में बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओ के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुपरवाइजर सुचित्रा सैनी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में एरिया की एएनएम ऋतु सैनी ने भी भाग लिया। एरिया की महिलाओं को जमा किया गया तथा उन्हें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया।

### रोजगार पाने का मिलेगा मौका

**शहजादपुर।** युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने और उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), भारांपुर में 9 मई 2025 (शुक्रवार) को विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का उद्घाटन पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी सुबह 9:00 बजे करेंगे। प्राचार्य विनोद सिंह शेखावत ने बताया कि इस मेले में 10 वीं, 12 वीं, आईटीआई, डिप्लोमा (मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल), स्नातक, परास्नातक अथवा फाइनल ईयर में अध्ययनरत युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों की नामी कंपनियों में रोजगार पाने का अवसर मिलेगा।

### धनौरा में वार्षिक उर्स मुबारक आज

**मुलाना।** धनौरा स्थित हजरत बाबा नौगजे इब्राहिम शाह और हजरत बाबा इकबाल शाह का सालाना उर्स मुबारक 8 मई से शुरू होगा। संयोजक संघ धनौरा एंव सेवक सूफी इरशाद अली साबरी एवं रमजान साबरी ने बताया कि दो दिवसीय उर्स मुबारक के तहत वीरवार 8 मई को सांय 5 बजे चादर शरीफ की रस्म होगी और उसके बाद रात 7 बजे रोशनी दरबार होगा। इसके बाद 9 मई को सुबह 10 बजे समाजसेवी संस्था निस्वार्थ जनसेवा मंच की ओर से आंखों का निशुल्क चेकअप कैंप लगाया जाएगा। फ्री जांच कर उन्हें दवाइयां दी जाएंगी।


हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005



### भारत के पाक आतंकी संगठनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की चहुंओर प्रशंसा

# ऑपरेशन सिंदूर: भारतीय सेना के पराक्रम पर हर नागरिक का गर्व से सीना चौड़ा

- पहलगाम में मारे गए भारतीयों के बदले में सेना द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई की हर तरफ हो रही जमकर प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में बीते कल भारतीय सेना द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर व पाकिस्तान में आंतकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त करने का जो काम किया है उस पर हर भारतवासी को गर्व हैं। भारतीय सेना के पराक्रम से हम सब परिचित है, भारतीय सेना ने हर मोर्चे पर बेहतर कार्य करते हुए देश का गौरव बढाया हैं। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा बुधवार को सैक्टर-8 अम्बाला शहर में पूर्व सरपंच मदन मोहन राणा के निवास स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस मौके पर पूर्व सरपंच मदन मोहन के साथ-साथ कच्चा आढ़ती एसोसिएशन, राजपूत सभा, राईज मिलस एसोसिएशन, हॉलसेल एसोसिएशन, सिख समाज के प्रतिनिधियों के साथ-साथ अन्य संस्थाओं के पदाधिकारियों व सदस्यगणों ने मुख्यअतिथि को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह व सिरोपा भेंटकर उनका भव्य अभिन्दन भी किया। मंत्री श्याम सिंह राणा ने इस मौके पर कहा कि भारत पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रखना चाहता है लेकिन कई बार पड़ोसी देश जैसे पाकिस्तान औच्छी हरकत कर देता हैं। बीते दिनों उन्होंने पहलगाम में जो हरकत की थी उसका भारतीय सेना ने उनके वहां पर घुसकर उन्हें जवाब देने का काम किया हैं, जिस पर हर भारतवासी को गर्व हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि देश में वन नेशन वन इलेक्शन हो, जिसमें लोकसभा व विधानसभा शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि बार बार चुनाव होने से चुनावों पर पैसा भी खर्च होता है, यदि एक ही समय में चुनाव होंगे और जो पैसा इन पर खर्च होता था और वह पैसा विकास कार्यो पर खर्च हो सकेगा। इस अवसर पर पूर्व सरपंच मदन मोहन राणा, विशाल राणा, राजपूत सभा से मामचंद चौहान, पैस्टिसाइज एसोसिएशन से राज कुमार गुप्ता, राईज मिल एसोसिएशन से संजीव गर्ग, कच्चा आढ़ती एसोसिएशन से मक्खन लाल, दुर्गा सिंह अत्री, कृष्ण राणा, विपिन राठौर, नरेश सहगल, नरेश राणा दुखेड़ी, एडवोकेट राज महक राणा आदि मौजूद रहे।



**अंबाला।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के मंत्री श्याम सिंह राणा का अभिनंदन करते हुए गणमान्य लोग।

### विज बोले-पीएम मोदी ने जो कहा करके दिखाया



**अंबाला।** ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हुई कार्रवाई की जमकर तारीफ हो रही है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे प्रदेश को आतंकियों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई का इंतजार था। देश की पराक्रमी सेना ने देर रात पाक में आतंकियों के नौ ठिकानों को निशाना बनाकर उन्हें ध्वस्त कर दिया है। इस कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकियों के मारे जाने की बात कही जा रही है। ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने पहलगाम पर हुए आतंकी हमले के जवाब में सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चला कर आतंकी ठिकानों पर किए गए हमले को लेकर कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले दिन ही कह दिया कि पहलगाम हमले के एक-एक दोषी से बदला लिया जाएगा। एक-एक को ठोका जाएगा। उन्होंने वो करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों पर हमले किए गए हैं। पाकिस्तान की शरण में पनप रहे आतंकियों को ऐसा ठोक दिया जाएगा कि दोबारा से इस तरह की हरकत करने के लायक नहीं रहेंगे। उन्होंने यह कहा कि /"पाकिस्तान के साथ हुए हमने तीनों युद्ध देखे हैं। वो मुकाबला नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि विश्व की बेहतरीन मजबूत सेनाओं में से भारत की सेना आती है। छोटा सा पाकिस्तान और बार-बार यही रट कर रहा है कि हमारे पास एटमी बम हैं। उन्होंने कहा कि हम तुम्हारे बाप हैं।

### पाक संरक्षित आतंक का अंत: सरवारा



विधानसभा चुनाव में अंबाला छावनी से आजाद प्रत्याशी रही चित्रा सरवारा ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए 26 निर्दोषों की शहादत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में किए गए सफल 'सिंदूर ऑपरेशन' की प्रशंसा की है। उन्होंने इस कार्रवाई को "निर्दोषों के ख़ून का इंसाफ़" बताते हुए शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सरवारा ने कहा कि भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अब चुप नहीं बैठेगा। पहलगाम हमले जैसे कायराना आतंक का जबाव भारतीय सेना ने जिस तरह दिया वह प्रशंसनीय ही नहीं बल्कि निर्णायक भी है।

### आतंकी ठिकाने ध्वस्त होने से आत्मा को मिली शांति: साहनी



**अंबाला।** पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हुए हमले को लेकर एडवोकेट हर्ष साहनी ने भारतीय सेना की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि देश की सेना ने पाक में घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि सेना की इस कार्रवाई से पहलगाम में मारे गए देश के नागरिकों की आत्मा को शांति मिली है। साहनी ने कहा कि पाक को ऐसा मुंह तोड़ जवाब देना बेहद जरुरी था। तभी उसकी नापाक हरकतें कम होंगी। सुरक्षा में डटे जवानों ने आतंकी शिविरों को निशाना बनाया है।

## तह-बाजारी देने वाले दुकानदारों को मिलेगा मालिकाना हक

- 20 आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए दुकानदारों को मालिकाना हक देने के लिए डिमांड नोट जारी किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

स्वामित्व योजना के तहत पहली बार अंबाला छावनी में तह-बाजारी के आवेदन करने वाले दुकानदार अब दुकानों के मालिक बनेंगे। कैबिनेट मंत्री अनिल विज के दिशा-निर्देशानुसार नगर परिषद अंबाला सदर द्वारा स्वामित्व योजना के तहत 20 वर्ष से ज्यादा पुराने तह-बाजारी के लगभग 20 आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए दुकानदारों को मालिकाना हक देने के लिए उनके डिमांड नोट जारी कर दिए हैं। नगर परिषद दुकानदारों को मालिकाना हक लेने के लिए अब राशि जमा कराने को कहा गया है। इसके अलावा 15 डिमांड नोट और तैयार है जोकि आगामी एक-दो दिनों में जारी कर दिए जाएंगे। यानि 35 तह-बाजारी के मामलों में दुकानदारों को दुकानों का मालिकाना हक अतिशीघ्र मिलने जा रहा है।

नगर परिषद द्वारा जिन दुकानदारों को डिमांड नोट जारी किए गए हैं उन दुकानदारों को अब शीघ्र नगर परिषद में राशि जमा करानी होगी। मालिकाना हक मिलने पर वह दुकानों को बहुमंजिला बना सकेंगे।

विज ने अम्बाला छावनी में नगर परिषद के 20 वर्ष से ज्यादा पुराने दुकानों के किराएदार, लीज धारक या तह बाजारी के दुकानदारों को स्वामित्व योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि लोग जल्द आवेदन जमा कराते हुए योजना का लाभ उठाए ताकि वह दुकानों के मालिक बन सकें।

बता दें कि अंबाला छावनी में नगर परिषद दुकानों के 20 वर्ष से अधिक पुराने सैकड़ों किराएदार योजना का लाभ उठाते हुए दुकानों के मालिक बन चुके हैं। मंत्री अनिल विज द्वारा ही नगर परिषद अधिकारियों को इन मामलों में तेजी से कार्रवाई करने के दिशा-निर्देश दिए गए थे जिसके तहत किराएदारों के बाद तह-बाजारी के मामलों के आवेदनों का भी निपटान किया जा रहा है।

## महाद्वीपीय मार्जिन महासागर तल का एक प्रमुख हिस्सा: प्रो. पांडेय

**कुरुक्षेत्र।** महाद्वीपीय मार्जिन को कॉन्टिनेंटल मार्जिन भी कहा जाता है, यह वह क्षेत्र है जहां महाद्वीपीय क्रस्ट महासागरीय क्रस्ट से मिलती है, जो भूमि और गहरे समुद्र के बीच संक्रमण क्षेत्र है। यह महासागर तल का एक प्रमुख हिस्सा है, जो समुद्र तल का लगभग 28 प्रतिशत हिस्सा बनाता है। महाद्वीपीय मार्जिन में महाद्वीपीय शेल्फ, महाद्वीपीय ढलान और महाद्वीपीय उभार शामिल हैं। यह विचार जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली के पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रो. धनंजय कुमार पांडेय ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में भू-भौतिकी विभाग की एसईजी एंड केयूजीएस स्टूडेंट चैप्टर द्वारा अंडरस्टैंडिंग कांटिनेंटल मार्जिनस थ्रू मरीन जियोफिजिकल स्ट्डीज विषय पर आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्य वक्ता व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रो. भगवान सिंह चौधरी, डॉ. मनीषा संधु, डॉ. आर.बी.एस. यादव और डॉ. अतुल झाझरिया सहित शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## 12 हजार के लिए धरने पर बैठा बुजुर्ग, मेयर ने दिलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बाइंडिंग करने पर मजदूरी नहीं मिलने पर एक बुजुर्ग जन्म एवं मृत्यु ऑफिस के विरोध में निगम के बाहर धरने पर बैठ गए। बुजुर्ग का बिल निगम में पास नहीं होने के कारण 2 महीने से उनकी 12 हजार रुपये की रकम रुकी हुई थी। जैसे ही यह मामला मेयर शैलजा सचदेवा के संज्ञान में आया तो उन्होंने बुजुर्ग को सफाई शाखा में बुलाया। वह सफाई शाखा में बैठकर समस्याएं सुन रही थी। साथ ही संबंधित ब्रांच के अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया। उन्होंने निगम अधिकारियों को बुजुर्ग को 12 हजार का भुगतान करने के निर्देश दिए गए। 5 मिनट में ही मेयर ने उनका भुगतान करवाया। बुजुर्ग को पैसे मिलते ही उनकी आंखों में आंसू आ गए। वह रोने लग गए। मेयर ने बुजुर्ग को चुप करवाते हुए उनकी मेहनत की प्रशंस की। कहा कि उनकी मेहनत के एक-एक पैसे का भुगतान किया गया है।

## कॉलेज छात्रों ने मॉक ड्रिल से आपात स्थिति से निपटने के गुर सीखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में छात्रों ने युद्धकालीन स्थिति के लिए मॉक ड्रिल की रिहर्सल की। इस मौके पर छात्रों व स्टाफ सदस्यों को युद्धकालीन परिस्थिति में राहत व बचाव कार्यों की ट्रेनिंग दी गई। बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर कॉलेज में मॉक ड्रिल रिहर्सल का आयोजन किया गया। इसमें स्टाफ सदस्यों व छात्रों को युद्ध की परिस्थिति में बचने के उपाय बताए गए। इसके अलावा किसी भी तरह के हमले में घायलों की मदद के तरीके भी बताए गए। कॉलेज के एनसीसी अधिकारी डॉ. अजय गौरी ने बचाव कार्यों की रिहर्सल भी एनसीसी व एनएसएस कैडेट को करवाई। प्रिंसिपल डॉ देसराज बाजवा ने कहा कि किसी भी विकट परिस्थिति में कॉलेज स्टाफ के साथ साथ एनसीसी कैडेट व एनएसएस वॉलिंटियर जनसेवा के लिए उपलब्ध हैं।

मॉक ड्रिल



**अंबाला।** मॉक ड्रिल में हिस्सा लेते छात्र। फोटो: हरिभूमि

### सम्मान



## तकनीकी क्षेत्र में रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की विशेष भूमिका: प्रो. सुनील ढींगरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में यूआईईटी संस्थान में एलुमनाई सेल द्वारा आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए केयू डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी व निदेशक यूआईईटी प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि तकनीकी क्षेत्र में रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की विशेष भूमिका है। आज का समय रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है। इसलिए विकसित भारत 2047 के विजन को प्राप्त करने के लिए नवाचार, उद्यमिता एवं आधुनिक तकनीक एवं उनके व्यवहारिक उपयोगों की अहम भूमिका होगी। इसलिए विद्यार्थियों को इस कार्यशाला से सीख लेकर नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व छात्र शैक्षणिक संस्थान की मजबूत नींव का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व छात्र शैक्षणिक संस्थान के जुड़कर उसके उत्थान एवं विकास में अपना अहम योगदान दें। इस अवसर पर रोबोटिक सिद्धांत से जुड़े स्टार्टअप के मुखिया यूआईईटी संस्थान के एलुमनाई गौरव ने इंडस्ट्री रेवूलेशन 4.0 के तहत हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के समन्वय से रोबोटिक्स सिस्टम तैयार करने की प्रक्रिया को समझाया।

## शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना कुवि की प्राथमिकता: प्रो. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

रिसर्चजेंस के मासिक बुलेटिन के अनुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एच-इंडेक्स में पिछले एक वर्ष में 5 अंकों की बढ़ोतरी हुई है जिससे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का एच-इंडेक्स 99 हो गया है। इस उपलब्धि के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बधाई देते हुए कहा कि शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। शिक्षकों एवं शोधार्थियों के बेहतरीन शोध कार्य के कारण ही वर्ष भर में एच-इंडेक्स में 5 अंकों की हुई बढ़ोतरी हुई है। आईक्यूएसी सेल के निदेशक प्रो. तेजेन्द्र शर्मा ने बताया कि एच-इंडेक्स शोध की गुणवत्ता का एक महत्वपूर्ण मापदंड है तथा किसी भी संस्थान में हुई शोध उत्कृष्टता एवं गहनता को दर्शाता है। वर्ष 2024 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शिक्षकों व शोधार्थियों के 686 शोध विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हुए जिनमें से 498 शोध पत्र स्कोपस/वेब ऑफ साइंस में संकलित हैं। वर्ष 2025 के मात्र तीन महीनों में 114 शोध पत्र स्कोपस/वेब ऑफ साइंस में संकलित जर्नल प्रकाशित हो चुके है।

## सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है लोक अदालत में : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की माननीय सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 10 मई को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी इस नेशनल लोक अदालत में सुलह व समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से न्यायिक परिसर में इस राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है, तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण कर सकता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते है।

**पहल** | जल्द ही नालों की सफाई व स्ट्रीट लाइट की रिपेयर का काम होगा शुरू

*नगर पालिका अध्यक्ष रजत मलिक ने गाड़ी को झंडी दिखाकर किया*

# बराड़ा नगर पालिका क्षेत्र में डोर-टू डोर कूड़ा कलेक्शन का काम शुरू

- कूड़ा उठाने के लिए अब नए टेंडर के तहत दोबारा सुचारू रूप से शुरू कर दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नगर पालिका क्षेत्र में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन का नया ठेका दे दिया गया है। बुधवार से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का काम शुरू हो गया है। इसका शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष रजत मलिक ने कूड़ा उठाने वाले गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर नगरपालिका सचिव राजेश कुमार, एमई प्रीतपाल सिंह, जेई भंवर सिंह, नपा सदस्य विजय कुमार, हरभजन सिंह, शमशेर सिंह सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। इस दौरान रजत मलिक ने बताया कि बीते कुछ दिनों से डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य बाधित था जिसे अब नए टेंडर के तहत दोबारा सुचारू रूप से शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही क्षेत्र में कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था पूरी तरह पटरी पर लौट आएगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस सफाई के काम में लगे कर्मचारियों के वेतन में बढ़ौतरी की गई है। पहले इन्हें 9600 रुपए प्रतिमाह का मानदेय मिलता था जिसे अब 11,000 कर दिया गया है। साथ ही ईएसआई, पीएफ व अन्य सुविधाएं मिलाकर यह राशि लगभग 14,162 रुपए हो गई है। वेतन में हुई इस वृद्धि से संबंधित कर्मचारियों में खासा उत्साह देखा गया। उन्होंने इस पर रजत मलिक का आभार भी व्यक्त किया। मलिक ने आगे बताया कि नगरपालिका क्षेत्र में नालियों व नालों की सफाई का प्रबंध भी जल्द शुरू किया जाएगा। इलाके में स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का कार्य भी प्रगति पर है। भविष्य में स्ट्रीट लाइटों की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए हर वार्ड में लाइटों की नंबरिंग शुरू कर दी गई है। अब प्रत्येक लाइट पर उसका एक नंबर होगा जिससे यह पता लगाना आसान होगा कि कौन-सी लाइट खराब है। इससे मरम्मत कार्य में भी तेजी लाई जा सकेगी और नगर पालिका के पास लाइटों की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध रहेगी।



**बराड़ा।** गाड़ी को हरी झड़ी दिखाकर रवाना करते हुए रजत मलिक।